कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान , बीकानेर

कार्यालय आदेश

श्रीमती पार्वती सोनी, (जन्मतिथि 06.08.1962)व्याख्याता–वाणिज्य, शहीद मेजर जेम्स थोमस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीकानेर को दिनांक 09.10.2018 से 24.12.2018 तक विदेश यात्रा SANTA CLARA, CA 95090 AMERICA पुत्री के पास प्रसुति कार्य हेतु 77 दिनों की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

नियंत्रण अधिकारी श्रीमती पार्वती सोनी, व्याख्याता–वाणिज्य, शहीद मेजर जेम्स थोमस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीकानेर से निम्न शर्तो का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ–पत्र प्राप्त कर नियमानुसार अवकाश स्वीकृत करें–

1. उक्त कार्मिक स्वीकृत अवधि से अधिक अवधि तक विदेश में ठहरेगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।
2. उक्त कार्मिक नियंत्रण अधिकारी से अपना अवकाश स्वीकृत कराने के पश्चात ही विदेश हेतु प्रस्थान करेगा।
3. विदेश से भिजवाये गये त्याग पत्र को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
4. अ– नियंत्रण अधिकारी उक्त कार्मिक का विदेश जाने हेतु अवकाश स्वीकृत करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि इनके विरूद्ध तत्समय कोई विभागीय जांच कार्यवाही प्रस्तावित/विचाराधीन नहीं है।
   ब– उक्त कार्मिक के अवकाश पर जाने से कार्यालय/संस्था का कार्य प्रभावित नहीं होगा।
   स– उक्त कार्मिक द्वारा अपना कार्यभार एवं महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों का हस्तान्तरण पूर्ण रूप से कर दिया गया है।
   द– कार्मिक विदेश में सेवा नियोजन का कार्य नहीं करेगा तथा उक्त यात्रा का समस्त व्यय कार्मिक स्वयं के स्तर पर वहन करेगा।
5. उक्त कार्मिक यदि निर्वाचन सम्बन्धित कार्यो में दायित्वबद्ध है तो सम्बन्धित निर्वाचन विभाग से सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त ही मुख्यालय परित्याग करेंगे।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–माध्य/संस्था/सी–2/विदेश यात्रा/2017 दिनांक– 9/10/18

प्रतिलिपिः–प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. सम्बन्धित उप निदेशक–माध्यमिक शिक्षा
2. सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी–माध्यमिक शिक्षा,
3. संबधित शाला/संस्था/कार्मिक
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अद्यतन हेतु।
5. निजी/रक्षित पत्रावली

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर